तापमान

भोपाल	23.0°	27.0°
इंदौर	23.0°	29.0°
जबलपुर	24.0°	26.0°
ग्वालियर	27.0°	31.0°
सागर	22.0°	26.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 260, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल सप्तमी संवत् 2083
बुधवार, 19 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... संत रविदास के समरसता संदेश को जन-जन ...

खेल... इंग्लैंड ने बिगाड़ा भारत का खेल, पाकिस्तान के खिलाफ ...

व्यापार... सेंसेक्स 493 अंक गिरकर 77,235 पर बंद ...

देश-विदेश... ईरान से समझौते को लेकर खाड़ी देश ट्रंप से...

भाजपा विधायक ने माता सीता को कहा 'मौत का सामान'

मंच पर पार्टी की अन्य महिला विधायक ने जताई आपत्ति

नईदुनिया ब्यूरो, गुनाः गुना में आयोजित राज्य स्तरीय बलराम महोत्सव में भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने रामायण, महाभारत और अन्य युद्धों का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्धों में पुरुष मारे गए, महिलाएं नहीं। सूत्रों के अनुसार चर्चा है कि उन्होंने माता सीता को 'मौत का सामान' बताते हुए कहा कि रामायण के युद्ध में कोई महिला नहीं मरी। शाक्य ने महाभारत के युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें एक करोड़ पुरुष मारे गए, जबकि महिलाएं नहीं मरीं। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान और संयोगिता का उदाहरण देते हुए भी कहा कि संयोगिता के कारण पृथ्वीराज चौहान के 55 सामंत मारे गए।

शाक्य की बात पर मंच पर मौजूद चांचौड़ा से भाजपा विधायक प्रियंका पेंची ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने भी बलिदान दिए हैं और उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। हालांकि, शाक्य अपनी बात पर कायम रहे और प्रियंका पेंची से बैठने के लिए कहा। नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गई। किसानों को पारंपरिक और आधुनिक खेती की जानकारी देने के साथ कई किसानों को सम्मानित भी किया गया।

कंगना के 'जेनरेशन गटर' बयान पर बाबा रामदेव भड़के

'देश के युवाओं को गटर कहना बिगड़े हुए दिमाग की निशानी'





नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः योग गुरु बाबा रामदेव ने अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट के जेनरेशन जेड को लेकर दिए 'जेनरेशन गटर' बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को गटर पीढ़ी कहना गलत है और यह बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। बाबा रामदेव ने कहा कि युवा किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं हैं। उनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, दलित, आदिवासी और अनुसूचित जाति-जनजाति सहित सभी वर्गों के युवा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा अपने आप में बहुत बड़ी ताकत है और उसे कोई नकार नहीं सकता।

कंगना की योग प्रशंसा से जुड़े सवाल पर रामदेव ने कहा कि यदि कोई उनकी या योग की प्रशंसा करता है तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसके अन्य बयानों पर लीपापोती की जाए। दरअसल, कंगना ने हाल ही में सामाजिक माध्यम पर भारतीय महिलाओं की नई पीढ़ी को 'जेनरेशन गटर' कहा था। उन्होंने स्वतंत्र और करियर बनाने वाली महिलाओं की जिंदगी की नकल करने वाली महिलाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वास्तविक स्वतंत्रता अपने फैसलों की जिम्मेदारी लेने से आती है। युवाओं के बारे में सोच-समझकर बोलना चाहिए।

जंतर-मंतर पर एक भी गोली नहीं चली, जेन जी हमारे बच्चेः रिजिजू

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान हजारों लोग मौजूद थे, लेकिन एक भी गोली नहीं चली और किसी प्रदर्शनकारी को गंभीर चोट नहीं लगी। रिजिजू ने कहा कि जेन-जी हमारे बच्चे हैं और उनसे लगातार बातचीत जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि पुलिस ने तब कार्रवाई की, जब प्रदर्शनकारी जबरदस्ती संसद की ओर बढ़ने लगे। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन के दौरान किसी की हड्डी नहीं टूटी, कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और किसी की मौत नहीं हुई। उन्होंने इसके लिए दिल्ली पुलिस की तारीफ की।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर सवाल का जवाब देने और परिस्थितियों की पूरी जानकारी देने के लिए तैयार थी, लेकिन कांग्रेस सच्चाई का सामना करने की स्थिति में नहीं थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल हंगामा और नारेबाजी कर रही है। रिजिजू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के व्यवहार पर भी टिप्पणी की।

संसद मार्च गैरकानूनी थाः दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 20 जुलाई को हुआ संसद मार्च गैरकानूनी था और इसके लिए अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस के अनुसार जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में कई हिस्ट्रीशीटर भी शामिल हुए थे। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। इसके कारण प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के द्वारा जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया गया।

खास-खबरें

शहीद का सम्मान लेने से इन्कार

नईदुनिया ब्यूरो, फरीदाबादः ऑपरेशन सिंदूर में शहीद लांस नायक दिनेश शर्मा के परिवार ने स्वतंत्रता दिवस पर मिलने वाला सम्मान लेने से इन्कार कर दिया। परिवार का आरोप है कि शहीद की मूर्ति बनवाने में करीब 1.90 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन तीन महीने से अधिक समय बाद भी बिलों का भुगतान नहीं हुआ। 7 मई को मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में विधायक हरेंद्र रामरतन नहीं पहुंचे। पत्नी सीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से गांव का नाम बदलने और पार्क बनाने की घोषणाएं भी पूरी नहीं हुईं।

इमरान खान को 48 घंटे में अस्पताल भेजें

इस्लामाबाद, एजेंसीः पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 48 घंटे के भीतर अस्पताल भेजने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि इमरान को इलाज और स्वास्थ्य जांच के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में स्थानांतरित किया जाए। अदालत ने इमरान खान की बहनों से मुलाकात के मामले पर भी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति शाहिद वहीद ने कहा कि बहनों से मुलाकात कराना कोई एहसान नहीं है।

ड्रोन हमले में ब्रिटिश तकनीक का इस्तेमाल

मॉस्को/लंदन, एजेंसीः रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन ने रूस पर हमलों में ब्रिटिश कंपनियों द्वारा बनाए गए ड्रोन का इस्तेमाल किया। रूस के अनुसार, जुलाई और अगस्त में रूस की बड़ी ऑनलाइन खुदरा कंपनी के गोदामों पर कई हमले हुए, जिनमें भारी मात्रा में सामान जल गया। रूस स्थित ब्रिटिश दूतावास ने कहा कि ब्रिटेन जानबूझकर यूक्रेन संकट को बढ़ा रहा है और रूस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा का 'मिशन 2027 विधानसभा चुनाव', संगठन को मजबूत करने व तालमेल बैठाने की कवायद

चुग गुजरात, तावड़े उप्र व पूनिया पंजाब प्रभारी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात के लिए नए राज्य प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए। गुजरात में भाजपा नेताओं के बीच तालमेल बैठाने के लिए तरुण चुग को प्रभारी बनाया गया है। चुग भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और मप्र से राज्यसभा सदस्य हैं। वह अमृतसर से आते हैं और तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के प्रभारी रह चुके हैं। मप्र में उन्होंने पार्टी के नेताओं के बीच तालमेल बैठाया। अब उन्हें गुजरात की जिम्मेदारी दी गई है।

बिहार चुनाव में भाजपा की जीत के दौरान प्रभारी रहे विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। गुजरात के नेता जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पंजाब की जिम्मेदारी सतीश पूनिया और गुजरात का प्रभार तरुण चुग को सौंपा गया है। विनोद तावड़े भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं। वह हरियाणा और बिहार के प्रभारी रह चुके हैं। सितंबर 2022 में उन्हें बिहार की जिम्मेदारी दी गई थी और 2025 में उनके प्रभार में भाजपा ने बिहार में जीत दर्ज की। महाराष्ट्र में भी वह लंबे समय तक संगठन में सक्रिय रहे हैं। वह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। जगदीश पटेल गुजरात भाजपा के नेता हैं। वह 2019 में अमराईवाड़ी विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे और अहमदाबाद शहर भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अगस्त 2026 में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था।

सतीश पूनिया राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। 2024 में उन्हें हरियाणा का प्रभारी बनाया गया था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी जीत के दौरान वह राज्य के प्रभारी थे। जून 2026 में वह राज्यसभा सदस्य चुने गए। अब उन्हें पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा के सामने सत्ता बरकरार रखने और 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद अपनी पकड़ मजबूत करने की चुनौती है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और भाजपा संगठन विस्तार पर जोर दे रही है। गुजरात में भाजपा के सामने 2022 के रिकॉर्ड प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती होगी।

माँ नर्मदा का संरक्षण करेगा 'नमन मिशन'

कैबिनेटः नर्मदा से लेकर स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण तक कई योजनाएँ स्वीकृत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के विकास, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और तकनीकी प्रगति से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं के आगामी वर्षों में निर्बाध संचालन के लिए करीब 1 लाख 46 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। मंत्रिपरिषद ने नर्मदा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और दीर्घकालीन सतत प्रबंधन के लिए 'निर्मल एवं अविरल मां नर्मदा मिशन' यानी 'नमन मिशन' के गठन को मंजूरी दी। इसे स्वायत्त संस्था के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष होंगे। मिशन के लिए राज्य अनुदान से प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये और वन विभाग की कैंपा निधि से प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। परियोजनाओं के वैज्ञानिक मूल्यांकन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आंकड़ा विश्लेषण, भौगोलिक सूचना प्रणाली और दूरसंवेदी तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए भी बड़ी राशि मंजूर की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक संचालन के लिए 1 लाख 14 हजार 365 करोड़ रुपये, लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए 16 हजार 326.47 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 2,137.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 11 हजार 835.35 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।

आज लाड़ली बहनों के खातों में राशि भेजेंगे

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत रक्षाबंधन पर प्रदेश की महिलाओं को 250 रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। 19 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 35 हजार महिलाओं के खातों में कुल 1750 रुपये की राशि भेजेंगे। योजना के तहत हर महीने मिलने वाली 1500 रुपये की किस्त के साथ यह अतिरिक्त राशि जोड़ी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार सरकार की ओर से कुल 2148 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जाएंगे। अतिरिक्त 250 रुपये देने से राज्य सरकार पर करीब 313 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। उज्ज्वला योजना की पात्र महिलाओं को भी इस राशि का लाभ मिलेगा।

फांसी की व्यवस्था खत्म करने वाली याचिका खारिजः सुको

फांसी को असंवैधानिक घोषित करने का आधार नहीं

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मौत की सजा देने के लिए फांसी की मौजूदा व्यवस्था खत्म करने की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई आधार नहीं है, जिसके कारण फांसी को असंवैधानिक घोषित किया जाए। याचिका में फांसी को क्रूर, अमानवीय और दर्दनाक बताते हुए जहरीले इंजेक्शन और गोली मारने सहित चार वैकल्पिक तरीकों से मौत की सजा देने की मांग की गई थी। याचिका में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354(5) को भी असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। अदालत ने कहा कि याचिका खारिज होने का अर्थ यह नहीं है कि भविष्य में इस व्यवस्था की संवैधानिक समीक्षा का रास्ता बंद हो गया है। ठोस वैज्ञानिक, चिकित्सकीय या अनुभवजन्य प्रमाण सामने आने पर मामले की दोबारा जांच हो सकती है। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार विशेषज्ञों की समिति बनाकर फांसी की मौजूदा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करा सकती है। समिति यह देख सकती है कि कोई वैकल्पिक तरीका अनावश्यक पीड़ा कम करने और दोषी की गरिमा बनाए रखने में बेहतर है या नहीं।

वाहनों को 500 व 1000 रुपये के कूपन दिए जाएंगे

पेट्रोल का लंगर आज, दो पंपों पर मुफ्त दिया जाएगा तेल

नईदुनिया ब्यूरो, चंडीगढ़ः चंडीगढ़ में मंगलवार को पेट्रोल का लंगर लगाया जाएगा। अमृतसर के कारोबारी राकेश त्रेहन उर्फ राजा दी किंग ने इसकी घोषणा की है। उनके अनुसार सेक्टर-7 और सेक्टर-10 स्थित दो पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को मुफ्त पेट्रोल दिया जाएगा। आयोजक के अनुसार दोपहिया और तिपहिया वाहन चालकों को 500 रुपये तथा कार चालकों को 1000 रुपये के कूपन दिए जाएंगे। इन कूपनों के आधार पर वाहन में पेट्रोल भरवाया जा सकेगा। आयोजन को लेकर दोनों पेट्रोल पंपों पर विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास वाहन नहीं हैं, वे आयोजन में न आएं।

राकेश त्रेहन का कहना है कि वह बिटकॉइन और शेयर बाजार में निवेश करते हैं तथा उससे होने वाले मुनाफे का एक हिस्सा लोगों की सेवा में खर्च करते हैं। उन्होंने दावा किया कि वह वर्ष 2010 से क्रिप्टो और शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। त्रेहन इससे पहले चंडीगढ़ में नकदी और भोजन के लंगर भी लगा चुके हैं। उनके अनुसार वह वर्ष 2019 से इस तरह के आयोजन कर रहे हैं। वह धार्मिक स्थलों और विभिन्न मौकों पर नकद राशि तथा अन्य सामग्री बांटने का दावा भी करते हैं।

अमेरिका में भारत जैसे फोटो पहचान पत्र के माध्यम से चुनाव होः ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसीः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए अमेरिका में मतदान प्रक्रिया को और सख्त बनाने की वकालत की है। उन्होंने 'सेव अमेरिका एक्ट' पारित कराने की अपील करते हुए कहा कि अमेरिका में चुनाव के दौरान वैध फोटो पहचान पत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा कि इसी महीने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अमेरिकी प्रशासन से सवाल किया था कि अमेरिका में वैध फोटो पहचान पत्र के बिना चुनाव कैसे हो सकते हैं। इसके बाद ट्रंप ने 'सेव अमेरिका एक्ट' को पारित कराने की जरूरत बताई। यह विधेयक अमेरिका में मतदाता पंजीकरण और मतदान से जुड़े नियमों को सख्त करने का प्रस्ताव है। इसके तहत मतदाता पंजीकरण के समय नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण और मतदान के समय फोटो पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य करने की बात कही गई है।

होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का हिस्सा बताया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए सोशल मीडिया पर मैप पोस्ट किया है। ट्रम्प के पोस्ट के बाद ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का हिस्सा बताना सिर्फ एक गलतफहमी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रम्प को जल्द ही समझ आ जाएगा कि इस समुद्री रास्ते पर अमेरिका का कोई अधिकार नहीं है।

रक्षा मंत्रालय *405 हथियारों की सूची जारी, 3,070 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद...*

भारत में बनेंगे लड़ाकू विमान, टैंक और मिसाइल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सरकार रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 405 रणनीतिक वस्तुओं की छठी सूची जारी की। इसमें लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों से जुड़े उपकरण, टैंक और बख्तरबंद वाहनों के कलपुर्जे, रडार, सोनार, इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां, स्पेयर पार्ट्स, घटक, उप-प्रणालियां और कच्चा माल शामिल हैं। टैंक रोधी गोला-बारूद से जुड़े उपकरण भी सूची में शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य इन वस्तुओं का निर्माण देश में ही कराना है। मंत्रालय के अनुसार, यदि सूची में शामिल वस्तुओं का उत्पादन भारतीय कंपनियां करती हैं तो करीब 3,070 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। इससे रक्षा क्षेत्र में आयात कम करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए निर्धारित समयसीमा भी तय की है। इस प्रक्रिया में भारतीय उद्योगों के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, इससे भारतीय उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा होंगे और घरेलू उत्पादन व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही निवेश और नई पहल को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

मंत्रालय ने अगस्त 2020 में सृजन रक्षा पोर्टल शुरू किया था। इस मंच के माध्यम से रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सेवा मुख्यालय रक्षा उत्पादों के स्वदेशी विकास और निर्माण के लिए उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्टार्टअप के सामने अवसर रखते हैं। मंत्रालय के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद जून 2026 तक 33 हजार से अधिक उत्पाद भारतीय उद्योगों के सामने रखे जा चुके हैं। पिछले पांच वर्षों में 15,700 से अधिक उत्पादों का स्वदेशीकरण किया गया है।